हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
**रोहतक**, सोमवार, 8 जनवरी 2024

**तापमान**
अधिकतम 12.0 डिग्री
न्यूनतम 8.1 डिग्री

12 अंतिम व्यक्ति के विकास का लक्ष्य तय



12 श्रीराम के जयकारों से पूजित अक्षत वितरण का काम शुरू



## खबर संक्षेप

### कंबासी से बुजुर्ग लापता पुलिस कर रही तलाश

**बराड़ा।** गांव कंबासी से एक बुजुर्ग के लापता हो गया। गांव के अनिल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि बीती 29 दिसंबर 2023 को उसके पिता शमशेर सिह (75) दोपहर करीब 2 बजे अपने घर से अपने बड़े भाई अशोक कुमार के पास जाने के लिए बोलकर निकले लेकिन न तो वह अपने भाई के पास गए और न ही वापस आए। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घर से युवक अचानक लापता

**अंबाला।** अंबाला शहर की जट्टावाली गली के नरेंद्र पाल सिंह 3 जनवरी को घर से बिना बताए कहीं चला गया है। परिजनों ने इस संबंध में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मुख्य सिपाही सुशील कुमार ने बताया कि गुमशुदा नरेंद्र पास सिंह की उम्र 34 वर्ष, रंग सांवला, हष्टपुष्ट शरीर, लम्बूतरा चेहरा, कद 5 फुट 5 इंच तथा उसने घर से जाते समय सफेद रंग की कमीज व लाल रंग जैकेट-ग्रीन, व नीले रंग की जींस पहनी हुई है।

### मादक पदार्थ सप्लाई करने वाला काबू

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज मादक पदार्थों की तस्करी व सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने मुख्य मादक पदार्थ सप्लायर आरोपी बालकिशन को राजस्थान से काबू कर लिया है। 27 जून 2022 को मटहेड़ी बाइपास हुमांयुपुर कट के पास से नाकाबंदी के दौरान एक वाहन से 151 किलो 180 ग्राम डोडा चूरा पोस्त जब्त किया था। पता चला है कि इस वाहन के जरिए एक हादसा भी हुआ था। आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गए थे।

### स्नैचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी साहिल उर्फ रणबीर को गिरफ्तार किया है। अब उसे एक दिन के रिमांड पर भेज दिया गया है। बेडसा गांव के दिनेश कुमार ने 27 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि नडियाली मोड के पास से मोनू साहिल उर्फ रणबीर ने ई-कार्ट कंपनी का पार्सल छीन लिया था। उसमें एप्पल का मोबाइल फोन था।

### मोदी ने दिया सिखों को सम्मान

पानीपत। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने दावा किया कि आजादी के बाद 75 वर्षों में सिख समुदाय को उनका बनता मान सम्मान देने वाली मोदी सरकार पहली सरकार साबित हुई है। इसलिए सिख समुदाय को टकराव और विवाद की मनोवृति छोडकर कौम व बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करने के इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

# कड़ाके की ठंड में बेबस हुई जिंदगी

## शीतलहर चलने और आसमान में दिन भर धुंध के बादल छाए रहने से सब्जी की फसलें होने लगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

पिछले नौ दिन से जिले में सुबह के वक्त घना कोहरा और दिन भर आसमान में छाए धुंध के बाद व बर्फीली शीतलहर चलने से मौसम में हाड़तोड़ बनी ठंड से लोगों की जिंदगी बेबस हो गई है। जिले में जहां सूर्य देव के दर्शन नहीं हो रहे हैं, वहीं, घनी धुंध और शीतलहर ने जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त कर दिया है। घने कोहरे के कारण आलु समेत अन्य सब्जी की फसलें प्रभावित होने लगी हैं। जबकि गेहूं की फसल के लिए मौसम में ठंड बढ़ने को किसान लाभदायक बता रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों ने घने कोहरे में आलु समेत अन्य फसलों में सप्ताह में दो बार सिंचाई करने की सलाह दी है।

- **शीतलहर चलने से लोग घरों में दुबके रहे**



यमुनानगर में रविवार को अल सुबह छाया हुआ घना कोहरा।

### अल सुबह घना कोहरे का छाया प्रकोप

रविवार को भी पिछले नौ दिन की तरह अल सुबह तीन बजे से ही जिले में घनी धुंध का प्रकोप शुरू हो गया था और दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा। दोपहर साढ़े बारह बजे के करीब घना कोहरा तो कुछ छंट गया। मगर दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। आसमान में छाए घने बादलों व शीतलहर चलने से लोग घरों में दुबके रहे। आलम यह है कि कई दिन से मौसम में कड़ाके की ठंड में लोगों की जिंदगी ठिठक कर रह गई है। यदि आगे कई दिन तक यही हाल रहा तो लोगों के कामधंधे चौपट होने लगेंगे।

### घना कोहरे का सब्जी की फसलों पर पड़ने लगा असर

सब्जी उत्पादक मंशा राम, बिट्टू, दीपक व कंवरपाल का कहना है कि पिछले कई दिन से लगातार घना कोहरा पड़ रहा है। घने कोहरे के साथ शीतलहर चल रही और पाले का असर देखा जा रहा है। जिससे उनकी जहां खेतों में खड़ी आलु की फसल के पत्ते सूखने लगे हैं। वहीं, शिमला मिर्च समेत अन्य सब्जियों की पौध पर असर पड़ना शुरु हो गया है। उन्होंने सब्जियों की पनीरी को कपड़े आदि से ढ़ककर रखना पड़ रहा है। वहीं, किसान बलजीत सिंह, मनोहर, सुरेंद्र व प्रदीप आदि का कहना है कि मौसम में अधिक ठंड का बढ़ना गेहूं की फसल के लिए लाभदायक है। हालांकि उनका कहना है कि इस बार दिसंबर और जनवरी में अभी तक बारिश नहीं हुई है। यदि मौसम में ठंड बढ़ने के साथ बारिश भी हो जाए तो गेहूं की फसल की पैदावार बढ़ने की उम्मीद है।

### घने कोहरे और पाला पड़ने पर सप्ताह में दो बार करें सिंचाई

कृषि विशेषज्ञ डॉ. संदीप कुमार का कहना है कि घने कोहरे और पाले से सब्जी की फसलों को बचाने के लिए सप्ताह में दो बार सिंचाई करनी चाहिए। सिंचाई करने से आलु समेत अन्य सब्जी की फसलों पर पाले का प्रभाव पड़ने के कम संभावना होती है।

### तापमान में लगातार गिरावट जारी

मौसम में लगातार बढ़ रही हाड़ गलाने वाली ठंड में जिले के तापमान में भी गिरावट जारी है। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# अध्यापकों की महारैली को लेकर बैठक में विचार विमर्श किया



हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

राजकीय अतिथि अध्यापक मंच की बैठक जाट भवन में राज्य महासचिव प्रदीप बतान की अध्यक्षता में हुई। जगाधरी में 10 जनवरी को होने वाली अतिथि अध्यापकों की महारैली को लेकर बैठक में विचार विमर्श किया गया। महारैली को एतिहासिक बनाने के लिए रणनीति तय की गई।

इस मौके पर प्रदीप बतान ने कहा कि करनाल जिला के अतिथि अध्यापक महारैली में अपनी शत प्रतिशत भागीदारी सुनश्चिति करें। हम एकजुट रहकर संघर्ष जारी रखेंगे तो सरकार को अतिथि अध्यापकों की जायज मांगों को लागू करना पड़ेगा। पिछले 18 वर्षों से गेस्ट टीचर सरकार द्वारा किए जा रहे शोषण का शिकार हो रहे हैं। एक प्रमुख मांग रोजगार नियमित करने की है। करनाल जिला प्रधान जसमेर सिंह ने कहा कि सरकार ने घोषणा पत्र में अतिथि अध्यापकों को नियमित करने का वादा किया था, उसे पूरा नहीं किया गया। राज्य महिला उपाध्यक्ष मेनका शर्मा ने कहा कि जगाधरी में होने वाली रैली में महिला अध्यापक ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचेंगी। इस अवसर पर मदन शर्मा असंध, रणधीर सिंह नीलोखेड़ी, नरेश कांबोज इंद्री, प्रवीण शर्मा करनाल, जोगद्रिं मान घरौंडा व किरणपाल राणा निसिंग आदि मौजूद रहे।

# विज आवास पर लगे जय श्री राम के नारे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के आवास पर रविवार सुबह विश्व हिंदु परिषद, आरएसएस, बजरंग दल, गउ रक्षा दल, शास्त्री कॉलोनी परिवार रेजिडेंट एसोसिएशन द्वारा अयोध्या में पूजित 'अक्षत' (चावल, हल्दी और घी का मिश्रण) का वितरण किया गया। इस दौरान भक्तों द्वारा लगाए गए जय श्रीराम, "जयकारा वीर बजरंगी" जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। गृह मंत्री अनिल विज को अक्षत प्रदान की गई तथा श्रीराम मंदिर अयोध्या का स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

- **पूजित अक्षत का हुआ वितरण**

विज ने इस अवसर पर सभी को 22 जनवरी को आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की बधाई दी। गौरतलब है कि 22 जनवरी को अयोध्या श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सभी में उत्साह है। इस अवसर पर भाजपा नेता कपिल विज के अलावा विभिन्न संगठनों से यश प्रकार, रणजीत सिंह, सोहन लाल शर्मा, विशाल, लक्ष्मणदास चोपड़ा, लोकेश, प्रवीण, दीपांशु कोछर, रौनी, सोनिया, दीपक भसीन, दीपक शर्मा एवं अन्य मौजूद रहे।



पूजित अक्षत वितरण के दौरान मौजूद गृहमंत्री अनिल विज व अन्य।

# बेसहारा पशुओं ने खड़ी फसलों में मचाई तबाही

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

रादौर क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी इलाकों में घूम रहे बेसहारा पशुओं ने जहां खेतों में खड़ी फसलों में तबाही मचा रखी है, वहीं, गलियों व सड़कों पर उनके होने से हर समय सड़क दुर्घटनाएं होने लगी हैं। रादौर क्षेत्र के लोगों ने सरकार व प्रशासन से बेसहारा घूम रहे पशुओं पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है।

- **खेतों, गलियों व सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं पर अंकुश लगाए जाने की लोगों की मांग**

क्षेत्र के किसान कुलदीप सिंह, पवन कुमार, लाला राम, नरेंद्र सिंह, रवि कुमार, साहब सिंह, जसविन्द्र सिंह व प्रदीप आदि ने बताया कि रादौर व आसपास के गांव में काफी संख्या में बेसहारा पशुओं की भरमार है। बेसहारा पशु जहां खेतों में खड़ी फसलों को चट कर रहे हैं, वहीं, उनके सड़कों पर घूमने से वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। किसानों ने बताया कि वह खेतों में खड़ी फसलों पर हजारों रुपये खर्च करके उम्मीद करते हैं कि उन्हें अच्छी पैदावार मिलेगी। मगर बेसहारा पशु उनके खेतों में घुसकर फसलों को बर्बाद कर रहे हैं।



यमुनानगर के रादौर क्षेत्र में खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में तबाही मचाते हुए बेसहारा पशु।

### पंचायतें और प्रशासन मौन

इस संबंध में न पंचायतें कुछ कर रही हैं और ना ही प्रशासन की कोई कार्रवाई हो रही है। बेसहारा पशुओं के खेतों में बढ़ते प्रकोप से किसानों को भारी नुक्सान होने लगा है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से ग्रामीण व शहरी इलाकों में घूम रहे बेसहारा पशुओं को तुरंत पकड़ने की मांग की है। किसानों का कहना है कि उन्होंने फसलों को बचाने के लिए खेतों के चारों तरफ हजारों-हजारों रुपये खर्च कर कंटीले तार भी लगाए गए हैं। मगर यह पशु कंटीले तारों को भी तोड़कर खेतों में घुस कर फसलों में तबाही मचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि इन बेसहारा पशुओं पर प्रशासन और सरकार द्वारा अंकुश नहीं लगाया गया तो किसानों को भारी नुक्सान उठाना पड़ेगा।

# ब्राह्मणों के सहयोग से तीज त्यौहार की लिस्ट तैयार की

## विचार-विर्मश कर जारी किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

प्राचीन देवी मंदिर में रविवार को ब्राह्मण परिवार पानीपत की बैठक आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष रामरतन शर्मा ने की। वहीं बैठक में सभी विद्वान ब्राह्मणों के सहयोग से तीज त्यौहार की लिस्ट तैयार की गई। जिसे शीघ्र ही अन्य विद्वानों से विचार-विर्मश कर जारी कर दिया जाएगा। आचार्य पंडित लाल मणि पांड़ेय ने कहा कि उनका मकसद है सभी त्यौहारों की अलग-अगल तिथियों पर न मनाएं बल्कि एक ही दिन सभी जगहों पर त्यौहार मनाए जाएं।

- **सभी त्यौहारों की अलग-अगल तिथियों पर न मनाएं**

### बच्चों को अच्छे संस्कार दें

**पानीपत।** पानीपत भगत नगर सुधीर नगर में चल रही श्रीमद् भागवत संस्कारों की कथा के द्वितीय दिवस में कथा व्यास पूरनचंद ने बताया कि हमको हमारे परिवार को संस्कारों की बहुत जरूरत है। हर परिवार अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें।



### श्रीगोवंश चिकित्सालय के प्रधान बने श्याम लाल

**कुरुक्षेत्र।** श्रीगो वंश चिकित्सालय की नई कार्यकारिणी बनाने के लिए मीटिंग हुई। अध्यक्षता संत गोपाल दास ने की। सदस्यों से बातचीत करने और विचार करने के बाद सर्वसम्मति से श्याम लाल गर्ग को प्रधान बनाया गया। कार्यकारिणी बनाने के लिए श्यामलाल गर्ग को अधिकृत किया गया। इस अवसर पर सुभाष जैन, हाकम सिंह चौधरी, सुखपाल धीमान, जितेंद्र शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, जिले सिंह शर्मा, प्रदीप कुंद्रा, सतीश गुप्ता, चंद्रशेखर अत्रि, जय गोपाल, हरीश गुप्ता और कई गौ सेवक उपस्थित रहे।

# भगवान पार्श्वनाथ की जयंती पर निर्धनों को गर्म वस्त्र बांटे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

समाज सेवा संगठन की ओर से आज रविवार को अग्रवाल मण्डी जैन स्थानक में आस पास की कालोनियों में 600 बच्चो को गर्म सूट व लेडीज को गर्म शाल वितरण की मुख्य अथिति विजय लक्ष्मी पालीवाल, जगदीश जैन सुभाष वशिष्ठ अथिति गौतम जैन नरेश जैन जगदीश जैन भूपेंद्र दीक्षित प्रमोद जैन ने अभियान की शुरूआत की। मुख्य अतिथि ने कहा समाज सेवा संगठन ठंड के मौसम में जरूरत मंद को गर्म कपड़े व शाल वितरण कर बहुत ही सरहनीय कार्य कर रहा है हम सबको ऐसे संगठन का सहयोग करना चाहिए। संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया समाज सेवा संगठन की ओर से इस वर्ष के गर्म कपड़े वितरण अभियान के तहत आज जैन धर्म के 23 वे तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के 2900 वे तप व जन्म कल्याणक के उपलक्ष पर जैन स्थानक अग्रवाल मण्डी में आस पास की कालोनी व झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले 700 बच्चों को गर्म सूट व औरतों को गर्म शाल वितरण की।

- **ऐसे संगठन का सहयोग करना चाहिए**



जन सेवा संगठन के पदाधिकारीगण निर्धनों को गर्म वस्त्र बांटते हुए।

### शराब तस्करी के दो आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

पानीपत पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने शराब तस्करी मामले में मुख्य आरोपी कुलविंद्र निवासी गांव बलाना को शामिल जांच कर गिरफ्तार किया व आरोपी दीपक निवासी गांव पलड़ी को सनौली रोड से गिरफ्तार किया।

एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की टीम ने बीते वर्ष 16 दिसम्बर को डाहर गोल चक्कर के पास बने टीन गोदाम से अवैध अंग्रेजी शराब की खेप पकडी थी और तीन आरोपियों मोहम्मद तबरेज निवासी झाडवा मोतिहारी बिहार, मुनव्वर निवासी कांधला शामली यूपी व महाबीर निवासी गांव मतलौडा जिला पानीपत को गिरफ्तार कर चुकी है।

**पंजाबी एकता परिषद ने लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में आयोजित किया पारिवारिक मिलन कार्यक्रम आनंदोत्सव**

# पर्व हमें पारस्परिक सौहार्द और मिलन का संदेश देते : स्वामी ज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

पंजाबी एकता परिषद द्वारा पारस्परिक सौहार्द के पावन पर्व लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के उपलक्ष में पारिवारिक मिलन समारोह आनंदोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंजाबी समाज के हजारों लोगों ने शिरकत की। पिपली रोड स्थित स्टलिंर्ग रिजॉर्ट में आयोजित इस कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, हैफेड के चेयरमैन कैलाश भगत, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती, जींद के विधायक कृष्ण मिड्ढा, सीएम के करनाल ओएसडी संजय बठला, पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा नेत्री रोजी मलिक आनंद, कुरूक्षेत्र विश्विद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, रोटरी गवर्नर अरुण मोंगिया, पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के सुपुत्र हिमांशु अरोड़ा आदि ने विशेष रूप से शिरकत की। पंजाबी एकता परिषद के प्रधान जितेंद्र ढींगरा ने बताया कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने लोहड़ी और मकर सक्रांति पर्व की सभी को शुभकामनाएं और अपना आशीर्वाद देते हुए लोहड़ी प्रज्जवलित की। उन्होंने अपने आशीर्वचन में कहा कि हमारे पर्व हमें पारस्परिक सौहार्द और मिलन का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि अपने परंपरागत पर्व और त्योहारों को हम सबको मिलकर मनाना

- **परंपरागत पर्व और त्योहारों को हम सबको मिलकर मनाना चाहिए**



पंजाबी एकता परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते अतिथि एवं समाज के लोग।

### कार्यक्रम में ये हुए शामिल

कार्यक्रम में हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक विभाग के कलाकारों में प्रसिद्ध गायक शमिंदर शम्मी के नेतृत्व में एक से बढ़कर एक लोक गीतों से लोहड़ी और मकर सक्रांति की सभी को बधाई देते हुए सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में पंजाबी एकता परिषद के संरक्षक मदन मोहन छाबड़ा, डॉक्टर एसी नागपाल, कुलवंत राय छाबड़ा, सुरिंदर ढींगरा, डॉक्टर डीके ललित, हरविंदर सिंह बिंद्रु, उपाध्यक्ष आनंद बजाज, धीरज गुलाटी, फतेह चंद गांधी, डॉक्टर हिमांशु आनंद, महासचिव डॉक्टर संदीप छाबड़ा, कोषाध्यक्ष अशोक अरोड़ा सहित सभी पदाधिकारियों ने अपनी ड्यूटी बाखूबी निभाई। कार्यक्रम में समाज के 1500 से अधिक लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण बजाज, सुरिंदर सुधा, प्रतीक सुधा, डॉ. विवेक चावला, डॉ. नरेंद्र परुथी, डॉ. एसएस अरोड़ा, डॉ. भोला, डॉ. सेठी, डॉ. मनीष मदान, डॉ. रमन अनेजा, डॉ. अर्पित तनेजा, डॉ. झांब, डॉ. विवेक ललित, अजय बजाज, विहिप के प्रचार सचिव राजेश अरोड़ा, भाजपा के थानेसर मंडल अध्यक्ष हरीश अरोड़ा, भाजपा नेता विनीत बजाज, दीपक वर्मा, तेजेंद्र मक्कड़, धीरज छाबड़ा, विवेक कक्कड़, गिन्नी कक्कड़, श्याम आहूजा, प्रशांत पुरी, संजीव जुल्का, संदीप चोपड़ा, राजेश आनंद, मनोज परुथी, जितेंद्र मेहता, कीर्ति खोसला, दिनेश अनेजा, मुलख राज अनेजा, बिट्टू मेहता, विजय ढींगरा, स्वीटी मेहता, नरेंद्र ढींगरा, परवीन नागपाल, परमिंदर मक्कड़, नोनी सिंह, अमरजीत कालड़ा, विजय बजाज, गगन चोपड़ा, संदीप कोहली, राधेश्याम वधवा, डॉ. प्रहलाद खंडूजा, प्रो. बृजेश साहनी, डॉ. राकेश पाहवा, डॉ. दीपक बब्बर, सोम सचदेवा सहित समाज के असंख्य अन्य गणमान्य लोग परिवार सहित शामिल हुए।

# नगर निगम पूर्व मेयर और पार्षदों की संपत्ति की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

पानीपत में लाल बती चौक स्थित संविधान चौक पर रविवार को सर्व समाज व विभिन्न संगठनों ने संयुक्त रूप से सदबुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। इधर, यज्ञ में आहुति डालने के बाद हरियाणा व्यापार मंडल के जिला प्रधान राकेश चुघ, संयुक्त व्यापार मंडल समिति के प्रधान राजेश सूरी, सर्व जातीय पंचायत के अध्यक्ष सुरेंद्र अहलावत व संयोजक डा. नरेंद्र जेसिया, पालिका बाजार एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण अग्रवाल, गुरूद्वारा मार्केट के प्रधान सुरेश बवेजा, स्मॉल स्केल इंजीनियरिंग एसोसिएशन के प्रधान सुखबीर मलिक, हलवाई हट्टा मार्केट एसोसिएशन के प्रधान विशाल वर्मा, सुरेश नारंग प्रधान, जोनी चावला, जसबीर जस्सा, सरदार बलजीत सिंह, यशपाल पंवार, हरीश सलुजा, शालु परनामी, दीपक बग्गा, पवन गर्ग, चंदन, असद, सनी गोस्वामी, राजकुमार मुंडे, अजय शर्मा, नीलम परनामी आदि ने निगम द्वारा करवाए गए विकास कार्यों, घोटालें के सभी आरोपों, निवर्तमान मेयर व पार्षदों की संपत्ति की जांच की मांग की।

- **-पानीपत के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने सद्बुद्धि यज्ञ कर निगम के कार्यकाल की जांच की मांग की**



पानीपत में यज्ञ में आहुति डालते हुए विभिन्न संगठनों के पदाधिकारीगण।

**खबर संक्षेप**

### घर में घुसकर नाबालिग लड़की के साथ की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव में चार आरोपियों ने एक घर में घुसकर नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ व मारपीट की। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पांच जनवरी को शाम छह वह किसी काम से बाहर गई थी। घर पर उसकी 17 वर्षीय लड़की अकेली थी। इस दौरान शमशेर उर्फ कल्लू, बाबर, सोहेल उर्फ गोलू तथा शाहरूख उनके घर पर आए। आरोपियों ने आते ही उसकी लड़की के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी।

### आसरा फांउडेशन ने कंबल बांटे

**पानीपत।** आसरा फाउंडेशन ने निर्धनों को कंबल बांटे। वहीं आसरा फाउंडेशन के अनवी शिंगला, राघव अरोड़ा, सहज गोयल, कार्तिक सिंगला, जॉय जोशियामा कालरा, धुरव गांधी, चैतन्य अग्रवाल, कशिका मेंहदीरत्ता, खुशी मित्तल, श्रेया जैन, दृष्टि शर्मा, अवनी जैन व दुर्गेश रावल ने बताया कि नगर में मजदूर तबके के लोगों को तीन सौ से अधिक कंबल बांटे गए।

### डीएवी स्कूलों के खेलों का शुभारंभ

**पानीपत।** पानीपत के डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेलकूद में 800 से अधिक लड़कियों एवं 1200 से अधिक लड़कों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमें झारखंड, उत्तराखंड, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, पंजाब, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, बिहार, सिक्किम, हरियाणा हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मणिपुर, जम्मू और कश्मीर, चंडीगढ़ एवं पंचकूला, राजस्थान, दिल्ली गुजरात और महाराष्ट्र के डीएवी स्कूलों के विधार्थी भाग ले रहे।

### ओबीसी समाज की मीटिंग हुई

**पानीपत।** पानीपत में रविवार को ओबीसी समाज से जुड़े वर्ग के कार्यकर्ताओं की मीटिंग हुई। मीटिंग में समाज के लोगों ने चुनावी बिगुल बजा दिया है। मंच से ऐलान किया गया कि समाज के बैनर तले पूरे प्रदेश में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

---

जनसंवाद कार्यक्रमों में लाभार्थियों की बनाई बुढ़ापा पेंशन और बीपीएल कार्ड

# आमजन को घर बैठे मिल रहा योजनाओं का लाभः बलवंत

साढ़ौरा व जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के कई गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित हुए जनसंवाद कार्यक्रम





यमुनानगर के साढ़ौरा क्षेत्र के गांव जामनावाला में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए पूर्व विधायक बलवंत सिंह और यमुनानगर के जगाधरी क्षेत्र के कोट सरकारी गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को शपथ दिलाते हुए मुख्यातिथि अशोक चौधरी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

विकसित भारत संकल्प यात्रा का साढ़ौरा के जामनावाला समेत विभिन्न गांव में जोरदार स्वागत किया गया। इस यात्रा के दौरान जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि एवं पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उन्हें केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, जगाधरी विधानसभा के भी कई गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित की गई।

**साढ़ौरा के चार गांव में हुआ जनसंवाद कार्यक्रमः** साढ़ौरा क्षेत्र के गांव जामनावाला, नागलपट्टी, बांसेवाला व मियापुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रुप में पहुंचे पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में पहुंचे जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका ने गांव जामनावाला के विकास कार्यों के लिए पांच लाख रुपये का अनुदान दिया। इस दौरान स्वामित्व योजना के तहत कई लाभ पात्रों को रजिस्ट्री वितरित की गई और स्कूल के विद्यार्थियों को अपनी कक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। मौके पर कई लाभपात्रों की बुढ़ापा पेंशन व आयुष्मान कार्ड और बीपीएल कार्ड बनाए गए तथा इस मौके पर आधार कार्ड भी अपडेट किए गए।

### चार गांव में आयोजित हुए जनसंवाद कार्यक्रम

जगाधरी विधानसभा के गांव कोट सरकारी, भंगेड़ी, नाहरपुर व ताहरपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें शिक्षा मंत्री कंवरपाल के भाई एवं भाजपा नेता अशोक चौधरी बहादुरपुर ने भाग लिया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है। इस दौरान मुख्यातिथि ने स्वामित्व योजना के तहत कई लाभ पात्रों को रजिस्ट्री वितरित की गई। स्कूल के विद्यार्थियों को अपनी कक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। वहीं, कई लाभपात्रों की बुढ़ापा पेंशन व आयुष्मान कार्ड व बीपीएल कार्ड बनाए गए। कार्यक्रम में लोगों के आधार कार्ड भी अपडेट किए गए। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण किया गया।

---



यमुनानगर के रादौर में भाविप द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

## महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से किया कार्यशाला

- समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आने के लिए किया प्रेरित
- भाविप ने किया जागृति कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

भारत विकास परिषद शाखा रादौर की ओर से रविवार को स्थानीय पैलेस में प्रांतीय महिला कार्यशाला जागृति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व समाजसेविका पूजा कांबोज व रश्मि गोयल राष्ट्रीय चेयरपर्सन महिला एवं बाल विकास भारत विकास परिषद ने भारत माता के चित्र पर दीप जलाकर व पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर राइट डायरेक्शन की एमडी व समाजसेविका पूनम मित्तल वशिष्ठ अतिथि के तौर पर उपस्थित रही।

कार्यशाला में उत्तरी हरियाणा के छह जिलों यमुनानगर, पंचकूला, अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल व करनाल की 30 शाखाओं की सक्रिय महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को समाजसेवा जैसे क्षेत्र में आगे आने के लिए जागृत करना था। कार्यक्रम दौरान गीता गुप्ता, नीता खेड़ा, धीरज भाटिया, कपिल गुप्ता, मनीष मलिक, अंजलि भारती, सविता गुप्ता, पूनम सैनी, डॉ.बलदेव सैनी, इंद्रजीत सिंह, ललित माटिया, संजय ऐरन, सावी गोयल, सुषमा गर्ग, रूबी अग्रवाल आदि मौजूद थे।

---

## श्री जंगला वाले माताजी के मंदिर की तरफ से 14 को निकाली जाएगी अक्षत कलश शोभायात्रा

- श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 14 से 22 जनवरी तक होंगे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर के श्रीलालद्वारा मंदिर यमुनानगर में श्री जंगला वाले माताजी मंदिर के सेवक रमेश मेहता जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि


श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर श्री जंगला वाले माताजी के मंदिर में 14 से 22 जनवरी तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में शहर के विभिन्न मंदिरों को आमंत्रित किया जा रहा है। जिसके चलते आज मंदिर के सेवक श्रीलाल द्वारा मंदिर में पहुंचे।

मंदिर में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्रीजंगला वाले मंदिर के सेवक रमेश मेहता ने बताया कि 14 जनवरी को विशाल अक्षत कलश शोभा यात्रा मंदिर की तरफ से निकाली जाएगी। यह यात्रा मंदिर से आरंभ होकर श्री हनुमान मंदिर रामपुरा, प्यारा चौक, श्रीसिंह सभा गुरुद्वारा, नेहरू पार्क, श्री सनातन धर्म मंदिर व गोविंदपुरी से होते हुए वापस मंदिर में यात्रा को विश्राम दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 1995 के बाद ऐसा पहला अवसर है जब माताजी शोभा यात्रा में शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि 14 से 22 जनवरी तक प्रतिदिन सुबह श्री रामचरितमानस पाठ होगा और दोपहर को भंडारा प्रसाद वितरित किया जाएगा। दोपहर 2 बजे श्री सुंदरकांड का पाठ एवं रात्रि 8 से 9 बजे तक श्री राम नाम संकीर्तन होगा। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को सुबह 8 बजे हवन होगा और उसके बाद श्री रामचरितमानस पाठ का समापन होगा। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को मंदिर में विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि 14 से 22 जनवरी तक होने वाले धार्मिक समारोहों में बढ़ चढ़कर भाग ले। मौके पर श्रीलाल द्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव सुरजीत मेहता,सुदर्शन ऐरी, दयालचंद गोयल, केवल लूथरा, देविन्द्र मेहता, नरेंद्र ओबरॉय, राजेंद्र सोबती, पंडित गोपाल राज, पंडित रजनीश आदि मौजूद थे।

---

## रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल एंड टीचर्स की पेंशन के लिए अतिरिक्त बजट जारी करे सरकारः मल्होत्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर




यमुनानगर में आयोजित वर्चुअल बैठक में भाग लेते हुए एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

- रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल एंड टीचर्स एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी की वर्चुअल आयोजित हुई बैठक
- बैठक में एसोसिएशन द्वारा सरकार से रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल एंड टीचर्स की पेंशन के लिए की गई अतिरिक्त बजट जारी करने की मांग

रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल एंड टीचर एसोसिएशन हरियाणा कार्यकारिणी की रविवार को वर्चुअल मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान डॉ. अमर सिंह मल्होत्रा ने की।

एसोसिएशन के प्रधान डॉ. अमर सिंह मल्होत्रा ने सदस्यों को एसोसिएशन की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।उन्होंने बताया की उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा की ओर से सेवानिवृत्त शिक्षकों की पेंशन हेतु जो बजट आबंटित किया गया था उससे दिसंबर 2023 तक की पेंशन का भुगतान समय पर संभव हो पाया है। मगर वित्त वर्ष 2023-24 के बचे हुए तीन महीनों जनवरी से मार्च तक की पेंशन हेतु अभी तक सरकार की ओर से अतिरिक्त बजट आबंटित नहीं किया गया है। इस संबंध में वे स्वयं , डॉ. बलबीर सिंह और प्रो. सुभाष वोहरा के साथ गत तीन जनवरी को उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा के अधिकारियों से मिले हैं। वहीं, सरकार के वित्त विभाग के अधिकारियों से भी बात की गई है। ताकि पेंशन हेतु अतिरिक्त बजट का प्रावधान किया जाए और समय पर पेंशन का भुगतान होता रहे। क्योंकि सेवानिवृत शिक्षकों के भरण पोषण एवं चिकित्सा हेतु पेंशन ही एकमात्र साधन है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल पंचकुला एवं चंडीगढ़ जाकर विभिन्न अधिकारियों तथा शिक्षा मंत्री से मिलकर पेंशन हेतु अतिरिक्त बजट की मांग करेगा। मल्होत्रा ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा नोशनल पे फिक्सेशन, नोशनल इंक्रीमेंट, 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशन धारकों को अतिरिक्त लाभ से संबंधित, 1998 से पूर्व सेवानिवृत शिक्षकों के हॉनोरेरियम से संबंधित, 36 दिन की हड़ताल अवधि से संबंधित तथा वर्ष 2006 से पूर्व सेवानिवृत प्राचार्यों की फिक्सेशन 2006 से न करके 2015 से करने के विरुद्ध अदालत में मामले दायर किए गए हैं। जिनमें सुनवाई के लिए जारीखें जनवरी से मार्च के बीच निर्धारित की गई हैं। मौके पर एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आरके अवस्थी ने 5 नवंबर 2023 को आयोजित वर्चुअल मीटिंग में हुई कार्रवाई की जानकारी दी। एसोसिएशन के वित्त सचिव डॉ.सुखवंत सिंह ने वित्तीय विवरण प्रस्तुत किया। उप प्रधान डॉ. मेहताब सिंह ने सभी जोनल प्रेजिडेंट से सदस्यों की सदस्यता का नवीनीकरण किए जाने की बात कही।

---

## दो घरों व दुकान से लाखों का सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

जिले में अलग-अलग स्थानों पर चोरों ने दो घरों व दुकान का ताला तोड़कर नकदी समेत लाखों रुपये के आभूषण व अन्य सामान चोरी कर लिया। गांव मांडखेड़ी निवासी रणदीप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह छह जनवरी को सुबह 11 बजे किसी काम से घर से बाहर गया था। जब वह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से सोने का हार, तीन अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, दो जोडे टोपस, दो सोने की चुडियां, चांदी के सिक्के व पाजेब गायब मिली। जिसकी कीमत करीब साढ़े चार लाख रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, गांव टेहा ब्राह्मण निवासी रचना देवी ने बताया कि चोरों ने उनके घर के ताले तोड़कर दो सोने की अंगूठियां, सोने का मंगलसूत्र, दो जोडी चांदी के चेन, 50 हजार रुपये व मोबाइल चोरी कर लिया। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं, वीणा नगर निवासी विशाल ने बताया कि उसकी मेन बाजार कैंप में गारमेंट की दुकान है। सुबह वह दुकान पर पहुंचा तो ताले टूटे हुए थे। अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। दुकान के अंदर से 25 सूटकेस, 13 पीस कंबल व सात हजार रुपये की नकदी चोरी की गई थी। गांधी नगर थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### दो सगे भाइयों पर डंडों व दरांती से हमला कर किया घायल

**यमुनानगर।** शहर की कृष्णा कॉलोनी में रंजिश के चलते एक व्यक्ति ने अपने दो लड़कों के साथ मिलकर दो संगे भाईयों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा नगर कालोनी निवासी रितिक यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्लाईवुड की फैक्ट्री में नौकरी करता है। वह शाम को छुट्टी होने के बाद अपने घर के आगे भाई रोहित के साथ अलाव पर हाथ सेक रहा था। तभी कालोनी का ही कमलेश वहां पर आया। आरोपी ने उनके साथ गाली गलौच शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो आरोपी के लड़के शिवम व सत्यम घर से डंडे व दरांती लेकर आए और उन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर जब उनके परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें भी पीटा। मारपीट की आवाज सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

---

## संत नामदेव जन्मोत्सव को लेकर दिया निमंत्रण

- चार फरवरी को होगा जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



यमुनानगर के रादौर में होने वाले नामदेव महाराज जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर निमंत्रण देते नामदेव समाज के लोग।

नामदेव सभा की ओर से आगामी चार फरवरी को संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। जिसको लेकर नामदेव सभा के प्रधान महेश कुमार बंटी के नेतृत्व में समाज के लोगों ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों को न्यौता दिया। नामदेव सभा के प्रधान महेश कुमार बंटी, अध्यक्ष प्रेमचंद टोकी व संरक्षक राजकुमार खजूरी ने बताया कि कार्यक्रम में समाजसेवी प्रमोद कुमार टोनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज की ओर से हर वर्ष संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज के जन्मदिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें समाज के लोग बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं। कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों को निमंत्रण दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संत किसी एक कौम के नहीं होते बल्कि वे तो समाज कल्याण के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने समाज के लोगों से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

---

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने आयोजित किया धार्मिक कार्यक्रम

## परमात्मा की प्राप्ति करना ही है मानव जीवन उद्देश्यः भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर





यमुनानगर के जगाधरी में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में मानव जीवन की सार्थकता के बारे में ज्ञान देती साध्वी मीना भारती व श्रवण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें साध्वी मीना भारती ने श्रद्धालुओं को मानव जीवन को सार्थक करने के महत्व पर प्रकाश डाला। मौके पर साध्वी बहनों भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्तिमय कर दिया।

साध्वी मीना भारती ने फरमाया कि मानव जीवन की सार्थकता तभी है यदि उसे सकारात्मक दिशा प्रदान की जाए। सर्वप्रथम हमें अपना परम लक्ष्य ज्ञात हो फिर उसकी ओर बढ़ने के लिए हमारी गति और दिशा दोनों ही महत्वपूर्ण हैं। जब एक नदी अपने स्रोत सागर की ओर बहती है तो उसके प्रवाह की गति और दिशा ही यह निर्धारित करती है कि वह अपने परम लक्ष्य सागर में विलीन होगी अथवा दिशा भ्रमित होकर अपना अस्तित्व ही खो देगी। परमपिता परमात्मा की प्राप्ति करना ही मानव जीवन का उद्देश्य है। जब लक्ष्य एक है तो उससे मिलने की दिशा भी एक ही होगी अन्यथा विपरीत दिशा में जाने से तो हम अपने लक्ष्य से भटक सकते हैं। साध्वी कहा कि इस संसार में प्रत्येक वस्तु अपने स्रोत की ओर अग्रसर हो रही है। जैसे जल सदैव नीचे की ओर बहता है जहां उसका वास्तविक स्रोत है और अग्नि की दिशा सदैव अपने स्रोत सूर्य की ओर होती है। प्रेम, शांति, दया व करुणा हमारी आत्मा का स्वभाव है। लेकिन दुर्भाग्यवश इन्हें पाने के लिए हमारे मन की खोज गलत दिशा में होती है। लेकिन इस बात का ज्ञान तभी होता है जब जीवन में पूर्ण ब्रह्मनिष्ठ गुरु का पदार्पण होता है। वह ब्रह्मज्ञान के द्वारा हमारे मन की दिशा को बहिर्मुखी से अंतर्मुखी कर देते हैं। तब निरंतर ध्यान साधना, सेवा, सुमिरन, सत्संग के द्वारा हम अपने परम लक्ष्य की ओर अग्रसर होते चले जाते हैं। इस जीवन यात्रा के अंत में आत्मा और परमात्मा में कोई भेद नहीं रहता है। वह सदा सदा के लिए एक हो जाते हैं। परमात्मा से एकाकार हो चुकी जीवात्मा के आभामंडल से निरंतर जारी रहती है। दिव्य तरंगों के द्वारा संपूर्ण वातावरण एवं प्रकृति खिल जाती है और वह भक्त आत्म कल्याण एवं परोपकार हेतु अपना जीवन यापन करते हुए अंत में अपने परम लक्ष्य परमात्मा के धाम पहुंच जाता है। हम सभी ऐसे सद्गुरु की खोज करें जो हमें मानव जीवन का लक्ष्य और उसकी और जाने वाली सही दिशा बताएं।

---

## राजेश सपरा को भाजपा जिलाध्यक्ष बनाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी

- राजेश सपरा को शाल ओढ़ाकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



यमुनानगर के रादौर में भाजपा के नवनियुक्त जिला प्रधान राजेश सपरा का स्वागत करते कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

भाजपा की ओर से राजेश सपरा को लगातार दूसरी बार जिला अध्यक्ष बनाए जाने के फैसले का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया है। कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष हैप्पी खेड़ी के नेतृत्व में रविवार को गांव लक्खा सिंह खेड़ी में नवनियुक्त जिला प्रधान राजेश सपरा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जिला प्रधान राजेश सपरा ने कहा कि भाजपा जनकल्याणकारी नीतियां बनाकर यात्रा के माध्यम से गांवों में ही जनता को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। जिससे जनता को गांवों में ही हर सुविधा दी जा रही है। उन्होंने दावा जताया कि भाजपा पार्टी लगातार तीसरी बार लोकसभा व राज्यसभा चुनाव जीतकर सरकार बनाने का काम करेगी तथा जनता की सेवा में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। वहीं दूसरी ओर भाजपा नेता संदीप सैनी ने भी नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजेश सपरा को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। संदीप सैनी ने कहा कि राजेश सपरा ने जिला प्रधान रहकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में उल्लेखलीय योगदान दिया है। जिस कारण पार्टी ने उनके कार्यों को देखते हुए फिर से लगातार दूसरी बार जिला प्रधान का कार्यभार उन्हें सौंपा है।

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाई खादी ने पहचान

**कुरुक्षेत्र।** खादी ग्रामोद्योग संघ मिजार्पुर के सचिव एवं व्यवस्थापक सतपाल सैनी ने कहा कि तीर्थों की संगम स्थली व धर्मनगरी का खादी संस्थान अपनी मेहनत से उत्तर भारत में विशेष पहचान बना चुका है। उनका मानना है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना खादी ने राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ब्रांड के रूप में विशेष पहचान बनाई है।

### देश के युवा राष्ट्र निर्माताः प्रो रणधीर सिंह

**पिहोवा।** जननायक जनता पार्टी के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रधान प्रोःरणधीर सिंह ने डी.ए.वी. कॉलेज, पिहोवा में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर में एनएसएस वालंटियर से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। इस शिविर में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतवर्ष के लिए यह बड़े गौरव का विषय है कि उसके पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा मेधा शक्ति है।

### प्रजापति धर्मशाला सभा की आमसभा 12 को

**कुरुक्षेत्र।** प्रजापति धर्मशाला सभा की कार्यकारिणी बैठक धर्मशाला प्रधान दर्शन लाल लाडवा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यकारिणी की ओर से 12 जनवरी को आमसभा बुलाने का फैसला लिया गया। आमसभा में समाज से जुड़े मुद्दों और धर्मशाला में विकास कार्यों पर चर्चा होगी। बैठक में उपप्रधान मोहन सिंह मिजार्पुर, महासचिव रामचरण किरमिच, कोषाध्यक्ष दर्शलाल रहे।

देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से की शुरूआत

# छात्राओं के शैक्षिक विकास के लिए शुरू की फूलवती छात्रवृत्ति

- जयराम कन्या महाविद्यालय में शुरू हुई फूलवती छात्रवृत्ति का मेधावी व आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को दिया जाएगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल की कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गतिमान सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय में छात्राओं के लिए फूलवती छात्रवृत्ति प्रारम्भ की गई है। श्रीजयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि प्रमुख समाजसेवी आर.डी. गोयल के सुपुत्र विकास गोयल ने अपनी स्वर्गीय माता जी के नाम पर निरंतर चलने वाली छात्रवृत्ति आरंभ की है। इस छात्रवृत्ति के लिए प्राप्त अनुदान राशि का उपयोग शैक्षिक क्षेत्र में श्रेष्ठ रहने वाली छात्राओं एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की छात्राओं के लिए किया जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सुदेश रावल ने इस पुनीत कार्य के लिए गोयल परिवार का धन्यवाद करते हुए कहा कि गोयल परिवार ने आजादी के आंदोलन से लेकर आज भी समाज हित के बड़े बड़े कार्य जारी रखे हुए हैं। मूलतः कैथल निवासी गोयल परिवार के स्व. फग्गू रामजी सेवक स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी नेता रहे हैं। उन्होंने महात्मा गांधी के आह्वान पर स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। आर.डी. गोयल भी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तथा प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष रहे हैं। परिवार ने एक विशाल गौशाला का भी निर्माण करवाया तथा उसको संचालन के लिए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद को सौंप दिया। गोयल परिवार जनकल्याण अनेकों कार्यों में निरंतर बढ़ चढ़ कर भाग लेता रहता है। राजेश सिंगला ने बताया कि परिवार शुरू से ही जयराम संस्थाओं से जुड़ा हुआ है। उन्होंने आगे बताया कि महाविद्यालय में पढ़ रही छात्राओं के कल्याण एवं मदद हेतु अतुलनीय योगदान दिया है। इस अवसर पर डा. सुनीता शर्मा, डा. नीता शर्मा, डा. सरोजिनी जमदग्नि, सूर्य देव पांडे इत्यादि भी मौजूद रहे।


विकास गोयल छात्रवृत्ति चैक प्राचार्या डा. सुदेश रावल को सौंपते हुए।


कुरुक्षेत्र। स्वयंसेवकों को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

# शिविर में सीखी गई बातों को जीवन में उतारें विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

श्रीमद्भागवतगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मेजर नितिन बाली गीता निकेतन विद्या मंदिर के प्राचार्य सोमदत्त शर्मा मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहे। सर्वप्रथम विद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी संदीप कुमार ने शिविर का वृत्त प्रस्तुत किया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि सोमदत्त शर्मा ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के इस शिविर में सीखी गई छोटी-छोटी बातों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। समय पालन, सहयोग आदि अनेक प्रकार के गुण आपने इस शिविर में उपस्थित रहकर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सीखे हैं। निश्चित रूप से इन सात दिनों का प्रभाव आपके व्यक्तित्व पर अलग से दिखना चाहिए। विद्यालय में भी और समाज में भी आप सभी छात्र अपने अच्छे व्यवहार के लिए जाने जाएं और अन्य छात्रों के लिए भी अनुकरणीय बने। अपने माता-पिता का व बड़ों का सम्मान करना, सामाजिक बुराइयों से स्वयं भी दूर रहना व दूसरों को भी दूर रहने के लिए प्रेरित करना, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण आदि सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना आपके जीवन का एक अंग बन जाना चाहिए।


थानेसर। विद्यार्थियों को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

# कार्यशला में छात्रों को असफलता से हतोत्साहित न होने के लिए किया प्रेरित

विद्या भारती द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने हेतु सात दिवसीय प्रांतीय मेधावी छात्र कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| थानेसर

विद्या भारती द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने हेतु अनेक प्रकल्प चलाए जाते हैं, इसी श्रृंखला में 1 से 7 जनवरी तक सात दिवसीय प्रांतीय मेधावी छात्र कार्यशाला का आयोजन गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में किया गया। कार्यशाला का समापन नैमिषारण्य सभागार, संस्कृति भवन में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। सर्वप्रथम कार्यशाला संयोजक गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्य नारायण सिंह ने अतिथि महानुभवों का परिचय करवाया। तत्पश्चात कार्यशाला सहसंयोजक विनोद विशिष्ठ ने कार्यशाला वृत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी, कुरुक्षेत्र रोहताश वर्मा ने दैनिक जीवन के विभिन्न उदाहरण देकर छात्रों को असफलता से हतोत्साहित न होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने दृढ़संकल्पी होकर अपने मन - मस्तिष्क को सुदृढ़ कर अहर्निश अपने लक्ष्य प्राप्ति में लगे रहने की सीख दी। विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के माननीय संगठन मंत्री विजय नड्डा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि जीवन केवल एक बार सफलता प्राप्त करने का नाम नहीं बल्कि जीवन में निरंतर संघर्ष कर उपलब्धियों को प्राप्त करने की श्रृंखला है। कार्यक्रम में रामकुमा प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख, शेषपाल प्रांत शैक्षिक प्रमुख, अनिल कुलश्रेष्ठ एवं हरियाणा प्रांत के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं आचार्य उपस्थित रहे।

# शिविर में 280 लोगों की स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| थानेसर

श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत सभा थानेसर द्वारा रेलवे स्टेशन के सामने स्थित अग्रवाल धर्मशाला में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 280 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि ओएसडी टू चीफ प्रिंसिपल सेक्रेटरी एचसीएस हिना बिंदलिश ने किया। शिविर में पहुंचने पर पंचायत के पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित शिविर आरंभ करवाया। शिविर में डॉक्टर प्रतीक अहलावत, डॉक्टर अंशुल मंगला, डॉक्टर प्रियंका गर्ग, डॉक्टर वंशिका गर्ग ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में हड्डी, जोड़ों, हृदय रोग, स्वशन रोग, दांत रोग व अन्य बीमारियों की जांच की गई। मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। कार्यक्रम में अशोक बुवानीवाला ने भी विशेष रूप से शिरकत की। पंचायत के उप प्रधान प्रदीप सिंगला, महासचिव गौरव सिंगला, सह सचिव दीपक सिंगला, कार्यकारिणी सदस्य विनोद गर्ग, राजेश्वर गोयल, अश्वनी जिंदल ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं बुक्के भेंट कर सम्मानित किया। डॉक्टरों को भी संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर में रिटायर्ड एचसीएस प्रेमचंद, महिंदर सिंगला, विशाल सिंगला, संजीव सीकरी, राधेश्याम गर्ग, सौरभ गर्ग, अर्जुन गर्ग आदि रहे।


कुरुक्षेत्र। चिकित्सकों को सम्मानित करते पदाधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

# सरकार की नीतियों को बताया जन विरोधी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



- जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरी गठबंधन सरकार : चुघ

राहुल प्रियंका सेना के जिला अध्यक्ष सुधीर चुघ ने कहा है कि गठबंधन सरकार सबसे निकम्मी सरकार साबित हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग की आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतरी है। जो अपेक्षाएं प्रदेश की जनता को सरकार से थी वह अपेक्षाएं जनता की पूरी नहीं हो पाई। जिसके चलते गठबंधन सरकार से प्रदेश की जनता का विश्वास उठ चुका है। उन्होंने कहा कि केवल झूठे वादे कर सत्ता में आई भाजपा ने हर वर्ग को रुलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के हितों का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार में सबसे ज्यादा हालात खराब युवाओं के हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं पर अपराध भी बढ़ते जा रहे हैं। जिसके चलते महिलाएं अपने को असुरक्षित मान रहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी में साफ अंतर दिखता है। जो वादे भाजपा ने चुनाव के समय किए थे वे वायदे पुरे नहीं हो पाए। उन्होंने कहा कि आज गठबंधन सरकार के प्रति जनता में भारी रोष है। प्रदेश की जनता निक्कमी सरकार से निजात पाना चाहती है।

# सकारात्मक भूमिका निभाएं मीडिया

- पत्रकारों का समाज में दायित्व विषय पर संगोष्ठी का आयोजन
- मीडिया को निभानी चाहिए सकारात्मक भूमिका : उमा सुधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

हरियाणा चंडीगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन कुरुक्षेत्र इकाई एवं प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में रेलवे रोड स्थित निजी होटल में पत्रकारों का समाज में दायित्व विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर परिषद थानेसर की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा पहुंची। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध समाजसेवी संदीप गर्ग लाडवा ने की। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सदस्य सूरजभान कटारिया, जिला बार एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण कुमार गुप्ता, चंडीगढ़ प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष नलिन आचार्य व आईजेयू के राष्ट्रीय महासचिव बलविंदर जम्मू पहुंचे। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता सीएचजेयू के प्रदेश अध्यक्ष रामसिंह बराड़, चेयरमैन बलवंत तक्षक तथा प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र के चेयरमैन राजेश शांडिल्य रहे। सभी अतिथियों का कार्यक्रम में पहुंचने पर प्रेस क्लब के प्रधान रामपाल शर्मा, कार्यक्रम संयोजक अशोक यादव, क्लब के महासचिव देवीलाल बारना, सौरभ चौधरी, विकास बतान, सुनील धीमान, पवन छाबड़ा, कमल सैनी, विनोद चौधरी, बाबू राम तुषार, नवोदित, तुषार सैनी, विशाल अग्रवाल, राजेंद्र सनेही, सुखबीर सैनी के नेतृत्व में क्लब के सदस्यों ने पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया।






### पशुपालकों के लिए सरकार ने चलाई कई योजनाएं

**कुरुक्षेत्र।** राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह ने कहा कि पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने कई योजनाएं चलाई हुई हैं। जिनसे पशुपालक आर्थिक रूप से सक्षम बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि कृषि क्षेत्र से जुड़े युवा विदेश में जाने की बजाय यहीं पर अपना रोजगार स्थापित करें और देश की उन्नति में योगदान दें। उनकी प्रतिभा इसी देश के काम आए। इसी श्रृंखला में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने डेयरी एवं पशुपालन विभाग के जरिए ऐसी योजनाएं चलाई हैं। जिसे पशुपालक प्रति माह लाखों रुपए कमा रहे हैं। राज्य मंत्री संदीप सिंह डेयरी फार्मिंग एसोसिएशन की ओर से थीम पार्क में आयोजित पांच में पशु मेले एवं प्रदर्शनी में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पशु खरीद कर दूध का काम करने वाले लोगों के लिए भी सरकार ने सस्ते बैंक ऋण की योजना शुरू की हुई है।

### परमहंस महाराज बने षडदर्शन साधुसमाज के पुनः अध्यक्ष

**पिहोवा।** षडदर्शन साधुसमाज की महत्वपूर्ण बैठक आज डेरा उदासीन में महंत तरणदास के निवास स्थान पर हुई। इसमें परमहंस ज्ञानेश्वर महाराज को षडदर्शन साधुसमाज का पुनः सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष परमहंस ज्ञानेश्वर महाराज ने कहा कि 22 जनवरी को पूरे देश में अयोध्या में रामलला के विराजमान होने पर बेहद श्रद्धा का माहौल होगा। ऐसे में साधु समाज भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगा। जिस राम मंदिर का स्वप्न देखते हुए संत महात्माओं एवं सनातनियों की कई पीढ़ियां अपना जीवन त्याग गई आज वह सपना पूरा होने वाला है।

# पोस्टल बास्केटबाल टूर्नामेंट आज से

- चार दिवसीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट में 72 खिलाड़ी करेंगे प्रतिभागिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

हरियाणा परिमण्डल अंबाला के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल कर्नल एसएफएच रिजवी ने बताया कि अखिल भारतीय डाक खेल बोर्ड हर वर्ष 14 खेल टूनार्मेंट आयोजित करवाता है। इस वर्ष हरियाणा डाक परिमंडल को 34वें अखिल भारतीय डाक बास्केटबॉल टूनार्मेंट के आयोजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह टूनार्मेंट 8 से 11 जनवरी तक बहु उद्देशीय हाल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। वे एनआईटी के सीनेट हॉल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि टूनार्मेंट में पंजाब, गुजरात, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और मेजबान हरियाणा की टीमें भाग लेंगी। बास्केटबॉल टूनार्मेंट के सफल एवं पारदर्शी संचालन के लिए बास्केटबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया, नई दिल्ली से प्रमाणित कोच को रेफरी के रूप में आमंत्रित किया गया है। निदेशक शारीरिक शिक्षा एवं खेल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय राजेश सोबती टूनार्मेंट में मुख्य रेफरी होंगे। टूनार्मेंट में कुल 17 मैच खेले जाएंगे। टूनार्मेंट का उद्घाटन 8 जनवरी को सुबह 11 बजे कर्नल एसएफएच रिजवी मुख्य पोस्टमास्टर जनरल हरियाणा परिमण्डल अंबाला द्वारा किया जाएगा।


कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा परिमण्डल अंबाला के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल कर्नल एसएफएच रिजवी। फोटो : हरिभूमि




### मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म : सुभाष गुप्ता

**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद में कमेटी बाजार में निशुल्क न्यूरोथैरेपी सेंटर की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के संयोजक सुभाष गुप्ता ने बताया कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है ऐसी भावना को लेकर निःशुल्क न्यूरोथैरेपी सेंटर खोला गया जिसका उद्घाटन मुख्यातिथि नगरपालिका शाहबाद के प्रधान डॉ गुलशन क्वात्रा ने किया वही एबीवीपी के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व समाजसेवी सुभाष कलसाना और वरिष्ठ समाजसेवी दीपक आनंद मुख्य रूप से मौजूद उन्होने बताया कि न्यूरोथैरेपी एक भारतीय उपचार पद्धति है जिसमे शरीर के विभिन्न भागों पर कुछ समय के लिए दबाब देकर शरीर को क्रियाशील बनाया जाता है इसमें किसी भी प्रकार की दवाइयों का इस्तेमाल नही किया जाता है यह विभिन्न असाध्य रोगों के निदान में सहायक है। समाजसेवी सुभाष कलसाना ने कहा कि शाहबाद में निरंतर लोगो को नशे से होने वाले दुष्प्रभावो के प्रति आमजन को जागरूक किया जा रहा है अब आमजन को स्वास्थ्य की देखभाल और परामर्श हेतु समाज के हित चिंतक सुभाष गुप्ता द्वारा शुरू की पहल से निश्चित ही लोग लाभान्वित होंगे।

### रविदास जयंती को मनाने पर विचार विमर्श

**पिहोवा।** राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह ने कहा कि महापुरुष किसी एक समाज के नहीं होते। उनसे पूरे राष्ट्र की भावनाएं जुड़ी होती हैं। महापुरुषों का सम्मान करने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही। इससे युवा पीढ़ी को भी प्रेरणा मिल रही है। राज्य मंत्री संदीप सिंह गांव थाना में गुरु रविदास सभा की ओर से करवाए गए कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने गुरु रविदास सभा को एक लाख रुपए की राशि का चेक भी सौंपा। इसके साथ उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि गुरु रविदास भवन की छत की मरम्मत के लिए एक लाख रुपए और दिए जाएंगे। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि फरवरी माह में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जन्मोत्सव को बेहद भव्य तरीके से मनाया जाए।


सरबंत के भले के लिए अरदास करते स्वामी वीर सिंह हितकारी।

### निरंजन दास महाराज का जन्म दिवस मनाया

**कुरुक्षेत्र।** पिपली खंड के गांव बजीदपुर में जरनैल सिंह रगां के निवास पर रविदासिया समाज के धर्म गुरु श्री 108 निरंजन दास जी महाराज का जन्मदिवस केक काटकर मनाया गया। पाठी जसमेर सिंह झंडा रसूलपुर ने सुबह से अमृतबाणी के पाठ किए गए। उपरांत श्रीगुरु रविदास आश्रम रंगपुर के गद्दी नशीन स्वामी वीर सिंह हितकारी जी ने संगत को गुरु रविदास जी महाराज की पावन पवित्र अमृतबाणी से निहाल किया। उन्होंने गुरु रविदासजी की बाणी का बखान करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित संगत से आह्वान किया कि वे गुरु जी के बताए हुए रास्ते पर चलकर समाज व परिवार का कल्याण करें। इस मौके पर जरनैल रंगा ने सभी अतिथियों का सम्मान किया और गुरु जी का चित्र देकर उनका आदर सम्मान किया। इस मौके पर दी कुरुक्षेत्र केंद्रीय सहकारी बैंक के पूर्व निदेशक बाबूराम तुषार, केहर सिंह, नन्हा राम, लख्मी चंद रंगा, वीरेंद्र रॉय, बलविंद्र सिंह, पवन कुमार,रामनाथ, प्रेम चंद, अशोक सुनेहड़ी, तारा चंद, नरेंद्र धूमसी, वीरेंद्र रविदासिया, धर्म सिंह क्रांति, राजेंद्र रहे।

झांसा में लगाया निःशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर

# तेजी से बढ़ रहे रीढ़ की हड्डी के रोगः डॉ हिमांशु

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेसिलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र द्वारा गांव झांसा में निशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर लगाया गया। इसमें ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन ने कहा कि भारत के करीब 60 फीसदी लोगों को स्पाइन से जुड़ी कोई न कोई तकलीफ है। इनमें आईटी प्रोफेक्शनल्स की तादाद सबसे ज्यादा है। रीढ़ की हड्डी संबंधी समस्याओं से बुजुर्ग ही नहीं, बल्कि 20 वर्षीय युवा भी तेजी से शिकार हो रहे हैं। अधिकतर लोगों को सर्वाइकल, साइटिका जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि रीढ़ की हड्डी में विकार आने पर गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं, मांसपेशियां कमजोर या लकवाग्रस्त होती हैं, संवेदना असामान्य या समाप्त हो जाती है और ब्लैडर तथा पेट के कार्य को नियंत्रित करना मुश्किल हो सकता है। डॉ जैन के अनुसार इस व्याधि का प्रमुख लक्षण कमर में दर्द होना है। कमर में लचक आने, झुकने, वजन उठाने, उठकर खड़े होने या उठने-बैठने में, यहां तक कि करवट बदलने में भी दर्द होता है। उन्होंने बताया कि सायटिका का होना, जिसमें किसी भी एक पैर में कूल्हे से एड़ी तक, पीछे की तरफ एक ही नस में दर्द होना, पांव में झुनझुनी होना, लेटने से आराम होना आदि लक्षण देखने को मिलते हैं। डॉ जैन ने बताया कि कमर दर्द के वैसे तो कई कारण होते हैं, लेकिन अधिकतर यह एल-4 या एल-5 डिस्क के अपने स्थान से हट जाने के कारण होता है। मोटापा, अति घोर परिश्रम करना, दूषित आहार करना, कमर या कूल्हे पर चोट लगना, खून के बहाव में रुकावट और टूटी हुई हड्डी या ट्यूमर की वजह से नस का दब जाना शामिल हैं। ज्यादा सवारी करना, शरीर में कैल्शियम की कमी होने पर भी दर्द होता है।


कुरुक्षेत्र। शिविर में मौजूद चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस कैंप में 114 मरीजों का मुफ्त चैक अप, परामर्श, ब्लड शुगर, ऑक्सीजन लेवल, हीमोग्लोबिन, पल्स रेट व ब्लड प्रेशर इत्यादि चैक किये गए। सभी रोगियों को फ्री में दवाइयां भी दी गई। शिविर में समाजसेवी अरुण गोयल, अनिल खुराना, आकाश, जगदीश गाबा, डॉ राधेश्याम, सुनील, करण, अंजू, महक, बबिता लैब, हिमांशु गाबा, वंश सैनी, सुनीता, कोमल, ममता ने सराहनीय योगदान दिया।

## खबर संक्षेप

### भाजपा जिलाध्यक्ष से मिला शिष्टमंडल

**बराड़ा।** भगवान वाल्मीकि शिक्षा प्रचार समिति हरियाणा का एक शिष्टमंडल रविवार को भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष मनदीप राणा को मिला। संस्था के पदाधिकारियो द्वारा उन्हें पुष्पगुंछ देकर स्वागत किया। राणा ने कहा कि वह जल्द ही भगवान वाल्मीकि आश्रम सिरसगढ़ में नतमस्तक होने के लिए पहुंचेंगे।

### मासिक बैठक के लिए शिकायतें सूचीबद्ध

**अंबाला।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 10 जनवरी को प्रातः 11 बजे पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य मंत्री डॉ. बनवारी लाल की अध्यक्षता में होगी। नगराधीश विश्वजीत सिंह ने बताया कि मीटिंग की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके लिए अधिकारियों को भी जरुरी निर्देश दिए गए हैं।

### 29 तक मिलेगी संपत्ति कर में छूट

**अंबाला।** नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा नगर निगम के संपत्ति धारकों को विशेष छूट प्रदान की जा रही है। धारकों द्वारा पोर्टल पर लॉगिन करके अपने संपति के डाटा को स्वंय सत्यापित करके इस छूट का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

### स्वाभिमान से जीने के लिए करें पढ़ाई

**मुलाना।** रविवार को सैनी सभा हल्का मुलाना की ओर से माता सावित्री बाई फूले की 193 वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान डॉ. सुरेंद्र सैनी ने की। कार्यक्रम में हल्का मुलाना के विधायक वरुण चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरक्त की। वशिष्ठ अतिथि के रूप में बीएसएनएल से बतौर एजीएम रिटायर हुए रतन लाल सैनी व आढ़ती प्रेम चंद सैनी पधारे थे।

# बाजारों से होकर निकलेगी श्रीराम यात्रा, विधायक बोले अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ हर परिवार 101 दीए जलाए

### पंचायत भवन में सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा अंबाला शहर के पंचायत भवन में सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें विधायक असीम गोयल ने शिरकत की। मंच का संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह ओंकार जी ने किया।

मंच पर विश्व हिंदू परिषद् के महासचिव अजैब, हरियाणा सिख गुरुद्वारा कमेटी सदस्य तरविंदर पाल सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह प्रदीप गोयल, नरेश अग्रवाल ने भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। विधायक असीम गोयल ने राम से श्रीराम बनने का उल्लेख करते हुए श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बारे में सभी को अवगत कराते हुए सभी से इस दिन को दीवाली से बढ़कर मनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इस उपलक्ष्य में अंबाला शहर में 14 जनवरी रविवार को मकर संक्रांति के दिन शहर के बस स्टैंड से शुरू होकर विभिन्न बाजारों से 1कोस की पैदल श्रीराम यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसका समापन जीटी रोड स्थित रामा मंदिर में किया जाएगा व मंदिर प्रांगण में भंडारा व प्रसाद का वितरण किया जाएगा। उन्होंने सभी संगठनों से इस यात्रा में महिला मंडल सहित भाग लेने का आह्वान किया जिस पर मौजूद संगठनों ने उत्साहपूर्वक 500/1100/2100 के संख्या बल की भागीदारी का विश्वास दिलाया। इसके उपरांत उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत 22 जनवरी को सुबह 11 से 1 बजे तक सभी मुख्य मंदिरों व स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाकर अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की जाएगी। सभी मुख्य स्थानों पर भिन्न भिन्न संगठनों द्वारा प्रसाद वितरण किया जएगा। उन्होंने कहा कि वे हिंदू हैं और रामभक्त हैं । उन्होंने कहा कि दीवाली सा मानते हुए इस पर्व पर सभी अपने मंदिरों व घरों में खूब रोशनी करें व 22 जनवरी की शाम को अपनी श्रद्धानुसार 5/11/21/51अथवा 101 दीपक जलाएं । अयोध्या जाने की बात का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 9 फरवरी को प्रदेश के लोगों के दर्शनों की बारी है। सभी भक्तजन उसी दिन ही वहां जाएंगे।





**अंबाला।** दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक असीम गोयल व मौजूद लोग। *फोटो : हरिभूमि*

### गांवों में निरंतर पहुंच रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा

# अंतिम व्यक्ति के विकास का लक्ष्य तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा ने कहा कि सबका साथ-सबका विकास से समस्त विश्व पर अपनी छाप छोड़ रही केंद्र सरकार के पद चिह्नों पर चलते हुए राज्य सरकार भी लगातार आमजन के हित में योजनाएं बनाकर उन्हें लागू कर रही है। सरकार ने पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के विकास का लक्ष्य रखा है। राणा रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

इन कार्यक्रमों का आयोजन गांव कड़ासन और मघ्घरपुरा में किया गया था। इस अवसर पर उन्होंने 2047 तक भारत को पूर्ण 'विकसित और आत्मनिर्भर' राष्ट्र बनाने की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वैन संकल्प यात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया और कहा कि अधिकारी/कर्मचारी पात्र लोगों को केन्द्र व हरियाणा सरकार की सभी योजनाओं जी जानकारी दें जिससे कि लोग उनका लाभ उठा सकें।





**शहजादपुर।** विकसिल भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीणों के साथ पूर्व जिप चेयरमैन सुरेंद्र राणा व योजनाओं की जानकारी लेते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश बतौरा।

### गरीब को मुख्यधारा में लाने का किया प्रयास

**नारायणगढ़।** भाजपा के पूर्व जिला प्रधान राजेश बतौरा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद दिन-प्रतिदिन लाभार्थियों में नए उत्साह का संचार कर रही है। प्रदेशभर में पात्र लोग यात्रा से जुड़ कर लाभ ले रहे हैं। वे गांव बतौरा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने 2047 तक भारत को पूर्ण 'विकसित और आत्मनिर्भर' राष्ट्र बनाने की शपथ दिलवाई।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देश-प्रदेश में अंत्योदय व गरीब कल्याण और उत्थान से संबंधित योजनाएं चलाकर गरीबों को समाज की मुख्यधारा में लाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने ऐसी व्यवस्था बनाई है कि गरीब लाभपात्रों को किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती।

उन्होंने कहा कि जो व्यवस्था परिवर्तन किया गया है उसे हर नागरिक को फायदा हुआ है। प्रदेश सरकार ने लोगों को दफ्तर, दरखास्त और दस्तावेज से मुक्ति दिलाते हुए उन्हें घर बैठे ही ऑन लाइन माध्यम से योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित किया है। इस दिशा में परिवार पहचान पत्र सबसे अहम दस्तावेज बनकर उभरा है। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी के संदेश को बड़ी एलईडी के जरिए सुना और देखा गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद के दौरान आज देश में व हरियाणा के विकास की कहानी को एक संक्षिप्त फिल्म के जरिए दिखाया गया।



**नारायणगढ़।** जयघोष करते ग्रामवासी। *फोटो : हरिभूमि*

# श्रीराम के जयकारों से पूजित अक्षत वितरण का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

गांव नन्हेडा में रविवार को श्री अयोध्या से श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में अक्षत कलश का विधि पूर्वक वितरण का कार्य आरंभ किया गया। यह आयोजन युवा शक्ति संगठन से जुड़े युवकों द्वारा आरंभ किया गया। आचार्य श्याम लाल कौशिक ने बताया कि लगभग 495 वर्ष पूर्व मुगल शासक बाबर ने उस स्थान पर स्थित श्री राम मंदिर का विध्वंस किया था।

उस समय बहुत से हिंदुओं ने विध्वंश का विरोध किया था तथा लाखों हिंदुओं ने अपनी शहीदी दी थी। अब सभी शहीदों को श्रद्धांजलि देने का समय है जिन्होंने अपने धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया था। युवा पीढ़ी बहुत भाग्यशाली हैं जिनके जीवन काल में श्री राम मंदिर को उनका नया भवन मिला और प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है।

स्वयंसेवकों सतीश सैनी, डाक्टर बलदेव सैनी, मिंटू सैनी, शुभम् सैनी, सुखदेव सैनी, संजीव सैनी, शिव कुमार सैनी, सुरेंद्र सैनी,राज कुमार सैनी नंबदरदार ने इसके लिए देशवासियों को बधाई दी। महिलाओं ने इस अवसर पर बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कीर्तन मंडली नन्हेडा की प्रधान सुनीता रानी की अगुवाई में महिलाओं ने घर घर जाकर अक्षत वितरण किया और श्री राम का जयकारे लगाए।

